सेंट एंड्रयूज़ स्कॉट्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल

९वीं एवेन्यू, आई.पी.एक्सटेंशन, पटपड़गंज,दिल्ली – ११००९२

सत्र: २०२६-२०२७

कक्षा:पाँचवीं **विषय: हिंदी** **क्रिया**

परिभाषा:-जिस शब्द या शब्द समूह से किसी काम के करने या होने का पता चलता है ,उसे क्रिया कहते हैं।

जैसे घूमना ,झूलना ,बनाना, खाना ,बेचना ,खरीदना आदि

क्रिया के दो भेद होते हैं।

१-सकर्मक क्रिया

२-अकर्मक क्रिया

सकर्मक क्रिया-जिन क्रियाओं के साथ कर्म होता है वे सकर्मक क्रिया कहलाती हैं।

उदाहरण-

श्री कृष्ण ने बाँसुरी बजाई।

श्याम ने गीत गाया ।

माँ ने मुझे बुलाया।

अकर्मक क्रिया-जिन क्रियाओं का कर्म नहीं होता, उन्हें अकर्मक क्रिया कहते हैं।

उदाहरण-

महिमा भाग रही है।

नवीन तैर रहा है।

श्याम रो रहा है।

विशेष:-वाक्य में क्या, किसे तथा किससे लगा कर प्रश्न करने पर यदि उत्तर मिले तो सकर्मक क्रिया क्रिया होती है और यदि उत्तर ना मिले तो अकर्मक क्रिया होती है।